भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1911

दिनांक 30 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

कृष्णा-पेन्नार नदी संपर्क

1911. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश को लाभ पहुँचाने वाली कृष्णा (नागार्जुनसागर)-पेन्नार (सोमशिला) संपर्क की व्यवहार्यता रिपोर्ट पूर्ण करने की समय-सीमा क्या है;

(ख) कार्रवाई के अगले चरण का ब्यौरा क्या है और अगले चरण के शुरू तथा पूरा होने की संभावित समय-सीमा क्या है; और

(ग) क्या उपर्युक्त संपर्क को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): कृष्णा (नागार्जुनसागर)-पेन्नार (सोमासिला) लिंक की व्यवहार्यता रिपोर्ट जनवरी, 2022 में पूरी कर ली गई थी।

(ख) और (ग): कृष्णा (नागार्जुनसागर)-पेन्नार (सोमासिला) लिंक गोदावरी (इंचमपल्ली)-कावेरी लिंक परियोजना का भाग है, जिसमें निम्नलिखित तीन लिंक प्रस्ताव शामिल हैं -

- गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (नागार्जुनसागर) लिंक,
- कृष्णा (नागार्जुन सागर) - पेन्नार (सोमासिला) लिंक,
- पेन्नार (सोमासिला) – पलार – कावेरी लिंक।

गोदावरी (इंचमपल्ली)-कावेरी लिंक परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा तैयार की गई है और जनवरी 2024 में पक्षकार राज्यों को परिचालित की गई है तथा संबंधित राज्यों के बीच आम सहमति को सुकर बनाने के लिए अब तक छह अंतरराज्यीय परामर्श बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

*****